उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 24 आषाढ़, शक संवत्, 1931
**( दिनांक : 15 जुलाई, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

5. सभापति, आश्वासन समिति, उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की आश्वासन समिति (2008-09) का चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

6. श्री अनिल नौटियाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के अन्तर्गत लोअर नत्थनपुर, एकता इन्क्लेव स्ट्रीट न0-1 की सड़क के चौड़ीकरण के संबंध में" श्री अवतार सिंह नेगी, निवासी एकता इन्क्लेव स्ट्रीट न0-1 एवं अन्य निवासीगण, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा के करैंखाल से गोदी (बड़ी) मोटर मार्ग के डामरीकरण के संबंध में" श्री चन्द्र दत्त पसबोला, निवासी ग्राम गोदी, विकास खण्ड दुगड्डा एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री अनिल नौटियाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के अन्तर्गत मटेलना के पुल से पिलखेरा-मैणा-सगोड़ा होते हुए ईड़ाखाल तक अधूरे मोटर मार्ग निर्माण के कार्य को पूर्ण कराये जाने के संबंध में" श्री कुलदीप सिंह चौहान, निवासी ग्राम सगोड़ा, पो0 ईड़ाखाल, पट्टी मवालस्यू एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री अनिल नौटियाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद चमोली के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरतोली के उच्चीकरण के संबंध में" श्री भरत सिंह, निवासी ग्राम बरतोली एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य विधान सभा, "जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड भगवानपुर में माँ चूड़ामणी देवी सिद्धपीठ मन्दिर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के संबंध में" श्री पवन त्यागी, निवासी ग्राम व पोस्ट चुड़ियाला एवं अन्य निवासीगण, जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

15. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

16. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के पत्राचार बी0टी0सी शिक्षकों को राजकीय सेवाओं में समायोजन किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 15 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# नत्थी "घ"

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 14 जुलाई, 2009 की बैठक में दिनांक 15 जुलाई, 2009 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**जुलाई, 2009**

**15, (बुधवार)**

1. वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।

द्वितीय सत्र, 2009
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 24 आषाढ़, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 15 जुलाई, 2009 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री गोपाल सिंह रावत
29.06.2009

**. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि संयुक्त राष्ट्र पेनल की रिपोर्ट एवं उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हिमालय क्षेत्र में गंगोत्री गौमुख ग्लेशियरों के सिकुड़ने में वर्ष 2001 से अधिक तेजी आई हैं? क्या यह सत्य है कि यदि उक्त ग्लेशियर के पीछे हटने की दर जारी रही तो वर्ष 2035 तक यह ग्लेशियर विलुप्त हो जायेगा? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्लेशियर को विलुप्त होने से बचाने हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो उस कार्ययोजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यावरण

श्रीमती आशा नौटियाल
29.06.2009

**. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत गौरीकुण्ड में मई माह में यात्रा के दौरान घोड़े खच्चरों में संक्रामक बीमारी फैल गई थी तथा उक्त बीमारी से 50 के लगभग घोड़े खच्चरों की मृत्यु हो चुकी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि घोड़े खच्चर के मालिकों को मुआवजा दिया जा चुका है? यदि हां, तो कुल कितने लोगों को कितनी–कितनी धनराशि वितरित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

पशुपालन

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम बुधवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री किशोर उपाध्याय<br>03.02.2009 | *1. क्या सिंचाई मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगें कि राज्य में प्रवाहित होने वाली नदियों में निरन्तर जलस्राव की कमी को रोकने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है? | **सिंचाई** |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

श्री प्रेमानन्द महाजन
16.04.2009

*1. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भावर क्षेत्र में तराई की अपेक्षा नलकूप निर्माण में लागत कितनी प्रतिशत अधिक आती है? क्या सरकार भावर क्षेत्र में व्यक्तिगत नलकूप लगाने के लिए किसानों को अनुदान मुहैया करायेगी? यदि हां, तो कितने प्रतिशत? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

काजी निजामुद्दीन
20.04.2009

*2. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के नगरीय क्षेत्रों में क्रमशः कितना–कितना पेयजल प्रति नगर प्रतिदिन की आवश्यकता है और इसके सापेक्ष विभाग द्वारा प्रति नगर कितना–कितना पेयजल प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाता है? क्या सरकार नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

द्वितीय बुधवार तक स्थगित

श्री मनोज तिवारी
08.05.2009

*3. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के सिंचाई खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत वर्ष 2007 के अन्त में तीन सहायक अभियंता स्थानान्तरित कर उसी खण्ड से सम्बद्ध किये गये थे? क्या यह सत्य है कि सम्बद्ध सहायक अभियंताओं को बिना कार्य आवंटन के वेतन दिया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्री मनोज तिवारी
11.05.2009

*4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि सिंचाई हेतु पर्वतीय क्षेत्र के किसान 40/– रू0 प्रति हैक्टेयर की दर से भुगतान कर रहे हैं? क्या यह सत्य है कि तराई भाबर क्षेत्र की अधिकतर नहरें कर मुक्त हैं? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त दोहरी नीति को अपनाये जाने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी इस दोहरे मापदण्ड को समाप्त कराये जाने पर विचार करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्री मनोज तिवारी
11.05.2009

*5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई कार्य मण्डल नैनीताल के अन्तर्गत वर्ष 2004 से सीमेन्ट सामग्री की खपत का अनुपात सिंचाई निर्माण मण्डल, अल्मोड़ा व गढ़वाल मण्डल के सिंचाई कार्यो से अधिक था? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बलियानाला योजना के अन्तर्गत सीमेन्ट सामग्री की बढ़ी हुई खपत के दोहरे मापदण्ड के कारण राज्य सरकार को कितनी धनराशि का नुकसान हुआ? क्या सरकार सीमेन्ट सामग्री की खपत के दोहरे मापदण्ड को राज्य स्तर पर एकीकरण करवाने व बढ़े हुए मापदण्ड की जांच करवायेगी व दोषी अधिकारियों को दण्डित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

स्थगित

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>21.05.2009 | *6. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अवस्थित कुल वन क्षेत्र 35,394 वर्ग कि0मी0 के सापेक्ष 598585 हैक्टेयर वन क्षेत्र वृक्ष विहीन है? क्या इस खाली वन क्षेत्र में शीघ्र वृक्षारोपण करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त क्षेत्र में कब तक वृक्षारोपण प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>21.05.2009 | *7. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अवस्थित कुल वन क्षेत्र 35,394 वर्ग कि0मी0 है तथा इस वन क्षेत्र में सबसे अधिक वन चीड़ (399329 हैक्टेयर) के हैं? क्या चीड़ के वनों का नियोजित कटान कर इसके स्थान पर चौड़ी पत्ती वाले मिश्रित वन लगाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो यह योजना किस चरण में हैं और कब तक इसे मूर्त रूप दे दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>26.05.2009 | *8. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में चारधाम यात्रा एवं आवागमन हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गयी है? पर्वतीय क्षेत्रों में कितनी सीटर बस यातायात हेतु अनुमन्य है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी में दिनांक 24.05.2009 को दुर्घटना ग्रस्त बस पर्वतीय क्षेत्र में प्रचलित नियमों के अनुरूप संचालित थी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>26.05.2009<br>श्रीमती अमृता रावत<br>16.06.2009<br>श्री किशोर उपाध्याय<br>12.06.2009 | *9. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2008 एवं 09 में वनाग्नि की कितनी घटनाये घटित हुई? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वनाग्नि से उपरोक्त दोनों वर्षो में मानव व वन सम्पदा को कितनी क्षति हुई है? | वन |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>26.05.2009 | *10. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राज्य में वर्षा न होने के कारण पेयजल के अधिकांश स्रोतों का स्राव अत्यधिक घट गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि गर्मियों में पेयजल सुविधा बहाली हेतु सरकार द्वारा अतिरिक्त संसाधन जुटाये गये हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह<br>02.06.2009<br>श्री गोपाल सिंह रावत<br>16.06.2009<br>श्री गणेश जोशी<br>16.06.2009 | *11. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पेयजल संकट दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं? क्या पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु हैण्ड पम्प स्थापित किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

वन

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
05.06.2009

*12. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित वन भूमि के बदले एन0पी0वी0 की धनराशि जमा किये जाने की दर क्या है तथा अब तक मोटर मार्गों के निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशि इस मद में जमा हुई है? क्या प्रदेश को उक्त जमा धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा वापस कर दी गई है? यदि हां, तो कितनी?

श्री गणेश जोशी
08.06.2009

परिवहन

*13. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के अन्तर्गत मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में समायोजित किये जाने का प्रकरण का निस्तारण नही हुआ है? क्या यह सत्य है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के गठन के समय निगम में मृतक आश्रितों की संख्या 55 थी जो अब बढ़कर 125 हो गयी है? यदि हां, तो क्या सरकार रोडवेज मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में समायोजित किये जाने की दिशा में कोई कारगर कदम उठा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री गोपाल सिंह रावत
09.06.2009

वन एवं पर्यावरण

*14. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में माह जनवरी 2009 के अन्तिम सप्ताह में कुछ वन क्षेत्रों में आग लगी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वन निगम द्वारा चिरान किये गये स्लीपरों के साथ–साथ वनों को बहुत नुकसान पहुंचा है? क्या अग्निकाल न होने के वावजूद वनों में आग लगने के क्या कारण थे? वनाग्नि से कुल कितना नुकसान हुआ है तथा इसके लिये कौन उत्तरदायी है?

श्री किशोर उपाध्याय
12.06.2009

पेयजल

*15. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कौन–कौन से क्षेत्रों में गम्भीर पेयजल संकट हैं? क्या सरकार ने इन क्षेत्रों की पेयजल समस्या के समाधान हेतु नीति का निर्धारण किया है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री नारायण पाल
12.06.2009

सिंचाई

*16. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर के सितारगंज, नानकमत्ता व शक्तिगढ़ क्षेत्र में वर्षाकाल के दौरान प्रतिवर्ष बाढ़ से भारी नुकसान होता है? यदि हां, तो बाढ़ सुरक्षा योजना के कितने प्रस्ताव वित्तीय स्वीकृति हेतु राज्य व केन्द्र स्तर पर लम्बित है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य स्तर पर लम्बित उक्त प्रस्ताव कब तक स्वीकृत होंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16.04.2009 | 1. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मार्गों के दोनों ओर पेड़ लगवाने हेतु सरकार द्वारा कोई नीति बनायी जा रही है? यदि हां, तो राज्य में निर्मित मार्गों के दोनों ओर वृक्ष लगाये जाने की कार्यवाही कब से प्रारम्भ की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>17.04.2009 | 2. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के अन्तर्गत ग्राम तोली, बाडियूं निवासियों को नियमित एवं सूचारू रूप से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाए जाने के सम्बन्ध में मुख्य अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून को सम्बोधित पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सतपाल महाराज के पत्रांक 497/सम/8–सिंचाई/2008–09 दिनांक 19 अप्रैल, 2008 विभाग में कब प्राप्त हुआ है और पत्र में वर्णित समस्या के समाधान हेतु दिए गए सुझावों के कियान्वयन हेतु अब तक की गई कार्यवाही एवं प्रगति का विवरण क्या है? | सिंचाई |
| श्रीमती अमृता रावत<br>17.04.2009 | 3. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून के पत्रांक 1915/एच0क्यू0/संचालन/07 दिनांक 02 जनवरी, 2008 के द्वारा अवगत कराया गया है कि लोक निर्माण विभाग एवं परिवहन विभाग से नवनिर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्गों की सूची का सर्वे करवाकर, उपयुक्त पाये जाने वाले मार्गों पर बस संचालन की कार्यवाही की जायेगी? यदि हां, तो इन मार्गों पर परिवहन निगम की बस सेवाएं संचालित करने/करवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कौन–कौन से मार्ग निगम की बस सेवाएं संचालित करने हेतु उपयुक्त पाए गए हैं? | परिवहन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>22.04.2009 | 4. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि विगत वर्ष वर्षाकाल में जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत बौर जलाशय व हरिपुरा जलाशय (ऊधमसिंह नगर में स्थित) टूटने के कगार पर थे? क्या उक्त दोनो जलाशयों के बांधों को ठीक कराने का कार्य शुरू हो चुका हैं? यदि हां, तो उक्त कार्य हेतु विभाग द्वारा कितनी धनराशि अवमुक्त की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>22.04.2009 | 5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पंतनगर–गदरपुर में कुल कितने हैण्डपम्प खराब है एवं स्वजल द्वारा लगाये गये हैण्डपम्पों की संख्या क्या है? सरकार द्वारा उक्त हैण्डपम्प कब तक ठीक किये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23.04.2009 | **6.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि भीमताल जनपद नैनीताल की नगरीय पेयजल योजना में प्रथम एवं द्वितीय चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है किन्तु तृतीय चरण का कार्य स्वीकृत न होने के कारण योजना का पूरा लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है? यदि हां, तो योजना के तृतीय चरण का कार्य कब तक स्वीकृत किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23.04.2009 | **7.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि अपर दैचोरी नहर एवं कालाढूंगी नहर, जनपद नैनीताल के हैड में वियर निर्माण की कोई योजना विभाग में विचाराधीन है? यदि हां, तो इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23.04.2009 | **8.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरपालिका परिषद् भवाली एवं नगरपालिका परिषद् कालाढुंगी जनपद नैनीताल में ए0डी0बी0 के अन्तर्गत सीवर प्रणाली निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा कोई सर्वेक्षण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>24.04.2009 | **9.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल से वाया कालाढूंगी होकर देहरादून तक जाने हेतु राज्य परिवहन निगम द्वारा बस सेवा संचालित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक उक्त मार्ग पर बस सेवा का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>24.04.2009 | **10.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, तहसील कालाढूंगी जनपद नैनीताल के अन्तर्गत बौर नदी से हो रहे उपजाऊ कृषि भूमि के कटाव की रोकथाम हेतु बाढ़ नियंत्रण के अधीन कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक उक्त योजना स्वीकृत हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री मनोज तिवारी<br>08.05.2009 | **11.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत अल्मोड़ा नगर की भीषण पेयजल समस्या को दृष्टिगत रखते हुए सरयू शेराघाट पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री मनोज तिवारी<br>11.05.2009 | **12.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा तथा नैनीताल में कोसी नदी पर बड़सिमी बांध, क्वारब बांध, खैरना बांध, कवास बांध, सरयू नदी पर शेराघाट बांध, सरयू नदी पर दर्दबार छीना बांध, सरयू नदी पर बिलौना बांध, गौला नदी पर जमरानी बांध बनाये जाने की योजना विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार इन बांधों के निर्माण के सम्बन्ध में वर्तमान स्थिति सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.05.2009 | **13.** क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र भिक्यासैण के अन्तर्गत मांसी से क्षेत्रवासियों को कार्यवश अस्थायी राजधानी देहरादून आना–जाना पड़ता है? क्या यह सत्य है कि मांसी से देहरादून के मध्य राज्य परिवहन की सीधी बस न होने से क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी मांसी से देहरादून तक राज्य परिवहन निगम की बस का संचालन करने की व्यवस्था करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22.05.2009 | **14.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चांदीखेत पेयजल योजना और जमड़िया पेयजल योजना के निर्माण हेतु क्षेत्रीय जनता द्वारा बार–बार मांग की जा रही है? यदि हां, तो कब तक उक्त योजनाओं को निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22.05.2009<br>श्री गोपाल सिंह रावत<br>28.05.2009 | **15.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि वि0ख0 चौखुटिया जनपद अल्मोड़ा के आदिग्राम कन्हौणिया की जनता विगत बीस वर्षो से तीस हैक्टेयर असिंचित जमीन की सिंचाई हेतु सिंचाई पम्पिंग योजना की मांग करती आ रही है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उक्त ग्राम सभा से मात्र सौ मीटर की दूरी पर रामगंगा नदी बहती है? यदि हां, तो उक्त योजना की स्वीकृति कब तक दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25.05.2009 | **16.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बग्वालीपोखर ग्राम समूह पेयजल योजना और झलाहाट पेयजल योजना के प्रथम चरण का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर द्वितीय चरण के निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>26.05.2009 | **17.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री जनपद उत्तरकाशी में राज्य योजना से दो बड़ी सिंचाई योजनाओं के प्रस्ताव वर्ष 2007–08 में सरकार द्वारा मांगे गये थे? यदि हां, तो वे दो योजनायें कौन सी है एवं उनके लिये कुल कितना परिव्यय स्वीकृत किया गया है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उन पर कुल कितना कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>26.05.2009 | **18.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर, ग्राम सभा नत्थनपुर के अन्तर्गत विवेकानन्द ग्राम फेज–2 से होकर बहने वाली गूल में स्थानीय लोगों के मकानों का गंदा व सीवर का पानी लगातार बहता रहता है? क्या यह सत्य है कि उक्त गूल का पानी सिंचाई के अतिरिक्त मवेशियों एवं अन्य कार्यो हेतु भी प्रयोग किया जाता है? क्या बहते हुये गूल में सीवर/घरों का दूषित पानी प्रवाहित किये जाने की अनुमति है? यदि नहीं, तो विभाग द्वारा इस सम्बनध में क्या कार्यवाही की जा रही हैं? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>26.05.2009 | **19.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी मुख्यालय एवं आसपास क्षेत्र में उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की रोड़वेज बसों का देहरादून से चम्बा–देवीधार–फोल्ड–धौन्तरी एवं देहरादून से चम्बा उत्तरकाशी भटवाड़ी–हर्षिल तक संचालन किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.05.2009 | **20.** क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के तहसील मुनस्यारी में डोल्मा, मदकोट, टॉगा, सेराघाट एवं तहसील धारचूला के अन्तर्गत जौलजीबी, खेत, सोबला में हो रहे नदीं के भू–कटाव को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई कारगर नीति बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>28.05.2009 | **21.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि वि0ख0 चौखुटिया जनपद अल्मोड़ा के आदिग्राम कन्हौणिया की जनता विगत बीस वर्षो से तीन हैक्टेयर असिंचित जमीन की सिंचाई हेतु सिंचाई पम्पिंग योजना की मांग करती आ रही है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उक्त ग्राम सभा से मात्र सौ मीटर की दूरी पर रामगंगा नदी बहती है? यदि हां, तो उक्त सिंचाई पम्पिंग योजना की स्वीकृति कब तक दे दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **अता0 प्रश्न संख्या 15 की पुनरावृति** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>28.05.2009 | **22.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री जनपद उत्तरकाशी में राज्य योजना से दो बड़ी पेयजल योजनाओं के प्रस्ताव वर्ष 2007–08 में सरकार द्वारा मांगे गये थे? यदि हां, तो वे दो योजनायें कौन सी है तथा उनके लिये कुल कितना परिव्यय स्वीकृत किया गया है? उक्त योजनाओं पर अब तक कितना कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29.05.2009 | **23.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर की खटीमा तहसील में बहने वाली कामिनी नदी में अतिवृष्टि के कारण होने वाली भूमि कटाव से ग्राम दियॉ का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है? क्या सरकार ग्राम दियॉ के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए कामिनी नदी से होने वाले भू–कटाव को रोकने हेतु कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29.05.2009 | **24.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर तहसील खटीमा में शारदा नहर से निकलने वाली दौहा पोषक शाखा नहर का ग्राम पेहानियॉ के पास गत वर्ष की अतिवृष्टि से डौल (तटबंध) कट जाने से ग्राम पेहानियॉ को खतरा पैदा हो गया है तथा आवागमन भी अवरूद्ध हो गया है? यदि हां, तो क्या शारदा दौहा पोषक नहर का डौल (तटबंध) पुनः निर्माण कार्य किये जाने की सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी तसलीम अहमद<br>01.06.2009 | **25.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र–लालढ़ांग के ग्राम–सराय, इब्राहिमपुर, जमालपुर, कटारपुर, मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी में सिंचाई के लिए गंगनहर से निकाली गयी कच्ची माईनरों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा पक्की माईनरों का निर्माण कार्य कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>01.06.2009 | **26.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत गौचर में " गौचर लिफ्ट पेयजल योजना" स्वीकृत हुई है? यदि हां, तो उक्त योजना पर कब तक कार्य शुरू किया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>01.06.2009 | **27.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के गैरसैण क्षेत्र में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या गैरसैण क्षेत्र हेतु शासन स्तर पर कोई पेयजल योजना स्वीकृत हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>01.06.2009 | **28.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के अन्तर्गत कर्णप्रयाग बाजार में पेयजल की अत्यन्त समस्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कर्णप्रयाग बाजार हेतु पेयजल से सम्बन्धित कितनी योजनायें स्वीकृत हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या हैं? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>02.06.2009 | **29.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विष्णुप्रयाग जल विद्युत योजना की ग्राम गोदी (बड़ी) जनपद पौड़ी गढ़वाल से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइन बिछाने हेतु उक्त ग्राम के काश्तकारों के नाप खेतों से कुल कितने वृक्षों का पातन किया गया? पातन किए गए वृक्षों की प्रजाति, आकार तथा नाप खेत के स्वामित्व का पूर्ण विवरण क्या है? क्या सभी काश्तकारों, जिनके नाप खेत से वृक्षों का पातन किया गया है, को मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है? यदि हां, तो किस दर से कितना–कितना तथा कब–कब? क्या मंत्री जी पूरा विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>02.06.2009 | **30.** क्या जलागम मंत्री अवगत हैं कि सहायक निदेशक जलागम का कार्यालय ताड़खेत से लगभग एकवर्ष पूर्व स्थानान्तरित होकर भिक्यासैण में स्थापित हैं? क्या यह सत्य है कि कार्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ भिक्यासैण स्थानान्तरित न होने के कारण कार्य बाधित हो रहे हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त प्रकरण की जांच करा कर जांच रिर्पोट सदन के पटल पर रखते हुए सहायक निदेशक जलागम के सम्पूर्ण स्टाफ को भिक्यासैण स्थानान्तरित किये जाने पर विचार करेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय गुरूवार के अता0 27 में स्था0** |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी तसलीम अहमद<br>02.06.2009 | **31.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद–हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र–लालढ़ांग में बहादरपुर जट–इक्कड़ मार्ग में माइनर पर पुलिया टूट गयी है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि माइनरों की सफाई न होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नही जा पा रहा है जिस कारण किसानों को अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पुलिया का निर्माण व माइनरों की सफाई की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>03.06.2009 | **32.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के तहसील खटीमा एवं सिंतारगंज में कुल कितने हैण्ड पम्प है तथा इन हैण्ड पम्पों में से कितने हैण्ड पम्प जनता को पेयजल उपलब्ध करा रहे है तथा कितने हैण्ड पम्प खराब स्थिति में हैं? क्या सरकार इन खराब हैण्ड पम्पों की मरम्मत कराकर जनता को पेयजल उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>03.06.2009 | **33.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर की तहसील खटीमा एवं सिंतारगंज में बहने वाली परवीन नदी, कामन नदी, दोहा नदी तथा कैलाश नदी से हर वर्ष अतिवृष्टि से सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि कटाव के कारण नष्ट हो जाती है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नदियों द्वारा हो रहे भू–कटाव को रोकने के लिए सरकार कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>03.06.2009 | **34.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 व व वर्ष 2008–09 में जनपद– हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग में कुल कितने हैण्ड पम्प लगाये गये? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 व 2008–09 में लगें हैण्ड पम्पों में से कितने खराब पडे है? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र–लालढ़ांग के खराब पड़े हैण्डपम्पों को यथा–शीघ्र ठीक करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| **श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>04.06.2009** | **35. आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** | **पेयजल** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>04.06.2009 | **36.** विधान सभा के प्रथम सत्र, 2009 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–06 के उत्तर के कम में क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद में मार्च, 2005 से अब तक बांज, बुरांश, उतीस, देवदार के कुल 13,73,072 वृक्षों का जो रोपण किया गया है वह विकास खण्डवार किन–किन क्षेत्रों में कितने–कितने वृक्षों का रोपण किया गया है? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>05.06.2009 | **37.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंह नगर की तहसील खटीमा एवं सिंतारगंज में निवास करने वाले थारू अनुसूचित जनजाति के लोगों क्रो लगभग 10 वर्ष पूर्व उन्हें पारस्परिक रूप से हक हकूक की लकड़ी तथा जलौनी सोख्ता माफी प्रदान की जाती थी? क्या सरकार पुनः थारू अनुसूचित जनजाति के लोगों को उनके पारस्परिक हक हकूक की लकड़ी तथा जलौनी सोख्ता माफी आदि प्रदान करने की योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री गणेश जोशी<br>08.06.2009 | **38.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के घंघोड़ा पेयजल योजना के पुर्नगठन का प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस योजना के पुर्नगठन हेतु कोई विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>08.06.2009 | **39.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड जल संस्थान में विभिन्न सम्वर्गो में कार्यरत कर्मचारियों से अपने मूल सम्वर्ग से भिन्न सम्वर्ग का कार्य कई वर्षो से लिया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगे कि जल संस्थान नियमावली में अकेन्द्रित कर्मचारियों के संशोधित ढ़ांचे में समायोजन सम्बन्धी पत्रावली शासन में विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त पत्रावली पर कब तक विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>09.06.2009 | **40.** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री जनपद उत्तरकाशी में वनों की सुरक्षा हेतु गांवों में वनाग्नि सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है? यदि हां, तो किन–किन गांवों में वनाग्नि सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है? क्या सरकार की वनाग्नि सुरक्षा समितियों को प्रोत्साहन दिये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.06.2009 | **41.** विधान सभा के तृतीय सत्र 2008 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारति प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–13 के उत्तर के क्रम में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोटद्वार–सतपुली–बाडियूं–बहेड़ाखाल–डांडानागराजा मार्ग पर कोटद्वार से बस सेवा संचालन की समय–सारणी निर्धारित है तथा बहेड़ाखाल पहुंचने तथा डांडानागराजा से वापस लौटने का निर्धारित समय क्या है? क्या उक्त मार्ग पर नियमित बस सेवाओं का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है यदि नहीं, तो इसके कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी हैं? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.06.2009 | **42.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के स्थान ललितपुर तक संचालित बस सेवा का विस्तार बन्दरकोट तक करने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1370/विधायक/7–परिवहन/2008–09 दिनांक 19.12.08 के परिपेक्ष में अपर परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या 166/एसटीए/दस–24/2009 दिनांक 24 जनवरी 2001 के द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित बस सेवा का विस्तार बन्दरकोट तक कर दिया जायेगा? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.06.2009 | **43.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2008 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या–03 के उत्तर के कम में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नोत्तर में वर्णित मोटर मार्गों पर नियुक्त बस सेवाओं के संचालन हेतु की गई कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक इन मोटर मार्गों पर नियमित बस सेवाओं का संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **परिवहन** |
| श्री गणेश जोशी<br>09.06.2009 | **44.** क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि देहरादून में राजपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत हाथीबड़कला–सालावाला के मध्य बहने वाला नाला आवासीय भवनों के लिए खतरनाक है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सुरक्षा दीवार बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>10.06.2009 | **45.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट की श्री डांडानागराजा ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण करवाए जाने के सम्बन्ध में पिछली केन्द्रीय सरकार के कार्यकाल में हरिद्वार/देहरादून आगमन पर प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह द्वारा घोषणा की गई थी? यदि हां, तो घोषणा के क्रियान्वयन हेतु क्या कार्यवाही की गयी तथा कब तक उक्त पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण करवाए जाने की सम्भावना है? | **पेयजल** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>10.06.2009 | **46.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत श्रीनगर से पौड़ी के लिये निर्मित दोनो पम्पिंग योजना (श्रीनगर–छतकोट, मासौं–पौड़ी) क्षतिग्रस्त है? यदि हां, तो क्या सरकार इनके पुर्ननिर्माण पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>10.06.2009 | **47.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून अन्तर्गत गलोगी पेयजल योजना शुरू हुये 1 वर्ष पश्चात् भी अभी तक फिल्टर प्लाण्ट नहीं लगा है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि फिल्टर न लगने से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है? यदि हां, तो उक्त पेयजल योजना में फिल्टर प्लाण्ट कब तक लग जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>10.06.2009 | **48.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी 2008 से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों पर मान्यता) अधिनियम–2006 एवं नियम–2007 लागू किये गये हैं जिसके तहत उत्तराखण्ड राज्य में भी वन भूमि पर काबिजों को अधिकार दिये जाने है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून एवं नियम के कौन–कौन से प्राविधानों को किस तिथि से लागू किया गया है व किन प्राविधानों को लागू किये जाने की वन विभाग को छूट प्रदान की गयी है तथा राज्य में लागू होने की जानकारी किस पत्र कमांक के द्वारा किस जिले के किस स्तर के वन अधिकारी व कर्मचारी को कब–कब दी गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय गुरूवार के अता0 29 में स्था0** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>10.06.2009 | **49.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में प्रभागीय वन विकास प्रबन्धक का पद लम्बे समय से रिक्त चला आ रहा है? क्या यह सत्य है कि उक्त अधिकारी की तैनाती न होने के कारण वन निगम व लौगिंग के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो जनहित में प्रभागीय वन विकास प्रबन्धक की तैनाती कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल<br>10.06.2009 | **50.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत 'वीरपुर खुर्द पेयजल योजना' बनकर तैयार हो गई है? यदि हां, तो जल निगम द्वारा अभी तक उक्त योजना जल संस्थान को हस्तान्तरण न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में अविलम्ब उक्त योजना को पेयजल पूर्ति हेतु जल संस्थान को हस्तान्तरित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| **श्री गोपाल सिंह रावत<br>11.06.2009** | **51. पुनरावृति के आधार पर निरस्त।** | **परिवहन** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>11.06.2009 | **52.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड बाराकोट के ग्राम बौतड़ी तथा जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड बिण ग्राम खूटी अन्तर्गत बरसात में सरयू व रामगंगा नदी के जल स्तर बढ़ने से प्रति वर्ष सिचिंत भूमि का कटान हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार कृषकों की सिचिंत भूमि को कटान से बचाने हेतु उपरोक्त गांवों के लिये कोई कार्ययोजना तैयार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.06.2009 | **53.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिंचाई विभाग में अनुसूचित जाति के कितने पद किन–किन श्रेणियों में रिक्त है? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.06.2009<br>श्री गोपाल सिंह रावत<br>29.06.2009 | **54.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कितने सरकारी हैण्डपम्प स्थापित है तथा इनमें से कितने हैण्डपम्प चालू हालत में है तथा कितने बन्द पडे हुये है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगे कि कितने हैण्डपम्प ऐसे है जिनमें पानी साफ नही आ रहा है? क्या सरकार बन्द पड़े इन हैण्डपम्पों की मरम्मत हेतु कोई ठोस कदम उठा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.06.2009 | **55.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश सरकार द्वारा जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी के गोविन्द वन्य जीव बिहार के अन्तर्गत 42 गांवों के सीमांकन हेतु भारत सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा जा चुका है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री नारायण पाल<br>12.06.2009 | **56.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के हल्द्वानी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने के लिए पेयजल निगम द्वारा कोई प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये गये है? यदि हां, तो शासन द्वारा उक्त प्रस्तावों को अनुरूप वित्तीय स्वीकृत देकर कब तक कार्य कराये जायेगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>12.06.2009 | **57.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग में अनुसूचित जाति के कितने पद रिक्त है और किस–किस श्रेणी के है? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |